संचालनालय
पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय
रायपुर–छत्तीसगढ़
दूरभाष : 0771–2537404, टेलीफैक्स 0771–2234731 ई–मेल : deptt_culture@yahoo.co.in
वेबसाइट : www.cgculture.in

क्रमांक/182/रसायन– 139/2023 रायपुर, दिनांक 15/9/2023

मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना

संचालनालय पुरातत्व,अभिलेखागार एवं संग्रहालय, रायपुर के अंतर्गत **राज्य संरक्षित स्मारकों** के रसायनिक संरक्षण के लिए रसायन सामग्री कय करने के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। कोरी निविदा प्रपत्र "ब" का विस्तृत विवरण संचालनालय पुरातत्व,अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर में दिनांक 29/09/2023 तक कार्यालयीन दिवस एवं समय में निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 09/10/2023 को सांयकाल 5.30 बजे है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 10/10/2023 को दोपहर 12.00 बजे कार्यालय में समिति के समक्ष खोला जावेगा।

क.	कार्य का विवरण	लागत राशि रू.	अमानत राशि रू.	रसायन प्रदाय करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य रू
1.	छ ग **राज्य संरक्षित स्मारकों** के रसायनिक संरक्षण कार्य के लिए रसायन सामग्री कय हेतु।	12,66,553/–	25,400/–	30 दिवस कार्य आदेश प्रदाय उपरांत	रू1,500/–

निविदा की शर्ते :–

- निविदा प्रपत्र केवल भारतीय पोस्टल के द्वारा स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से ही निर्धारित तिथि एवं समय पर जमा कराना होगा। मुहरबंद लिफाफे में कार्य का नाम स्पष्ट रूप से उल्लेख करना आवश्यक होगा।
- निविदा की दरें कार्यालय द्वारा दिये गये विहित प्रपत्र में ही भरकर जमा करना होगा।

- समस्त रसायन आदेश प्राप्ति के 30 दिवस के अंदर निश्चित रूप से संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय, रायपुर में प्रदाय करनी होगी जिसका अलग से कोई किराया नहीं दिया जायेगा। समय–सीमा में रसायन प्रदाय न करने की स्थिति में फर्म के द्वारा जमा अमानत राशि राजसात कर ली जावेगी।
- निविदा प्रपत्र केवल मर्क/वेकर/रेमकिन/एस. डी फाईन के द्वारा अधिकृत फर्मो को ही प्रदाय किया जावेगा। साथ में कंपनी द्वारा अधिकृत किए गए प्रमाण पत्र की छायाप्रति, पंजीयन प्रमाण–पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, जी. एस. टी. प्रमाण पत्र, बैक एंकाउट की स्व प्रमाणित छाया प्रति लगाना होगा, तभी कोरी निविदा प्रदान की जावेगी।
- अमानत राशि संचालक, पुरातत्व,अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर के नाम से बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक के रूप में जमा करना होगा जो कम से कम छः माह का वैध हो।
- निविदा प्रपत्र उपर्युक्त दर्शायी गई तिथि एवं समय में राशि रू. 1,500/– मात्र (एक हजार पांच सौ) नगद जमाकर प्राप्त किया जा सकता है, जो वापसी योग्य नहीं होगी।
- निविदा दो अलग–अलग लिफाफा पद्वति में प्रस्तुत किया जावेगा। प्रथम लिफाफा में अमानत राशि का लिफाफा व र्पूण रूप से भरी हुई निविदा प्रपत्र विभाग द्वारा दी गई प्रपत्र में रसायन की रेट लिस्ट के साथ बडा मुहर बंद लिफाफा में प्रस्तुत करना होगा।
- निविदाकर्ता द्वारा दी गई दरें 31 मार्च 2024 तक प्रभावशील रहेगी तथा दर्शायी गई दरें सभी अधिरोपित करों सहित होगी।
- पूर्व के वर्षो में रसायन सामग्री प्रदाय की हुई फर्मो को प्राथमिकता दी जावेगी।
- अलग–अलग विभागों में रसायन सामग्री की प्रदाय की हुई फर्मो को अपना अनुभव प्रमाण पत्र लगाना होगा।
- विना कारण बताये निविदाओं को स्वीकृत या अस्वीकृत करने, एवं रसायन आवश्यकतानुसार कम या अधिक कय करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।
- प्राप्त रसायन उच्च गुणवत्ता वाली होनी चाहिए एवं सील बंद युक्त होनी चाहिए। उच्च गुणवत्ता से विहीन होने पर भुगतान की कार्यवाही नहीं की जावेगी। सभी रसायन सामग्री समाप्ति तिथि की (एक्सपायरी) दिनांक वाली नहीं होनी चाहिए। कम से कम 03 वर्षो की वैधता वाली होनी चाहिए।
- विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय संचालनालय, पुरातत्व,अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर से संपर्क किया जा सकता है।
- किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति में संचालक, पुरातत्व,अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर (छत्तीसगढ) का निर्णय सर्वमान्य होगा। और न्यायालयीन प्रकरण की स्थिति में रायपुर न्यायालय क्षेत्र में होगा।

संचालक
पुरातत्व,अभिलेखागार एवं संग्रहालय